## प्रारूप–11

## वन भूमि कीं मांग का पूर्ण औचित्या दर्शाते हुये विस्तृत आख्या

**कार्य का नाम :– जनपद टिहरी गढवाल के अगलाड – थत्यूड मोटर मार्ग के क्यारी से मसरास मोटर मार्ग का नवनिर्माण। (15.00 किमी0)**

जनपद टिहरी गढवाल के जौनपुर ब्लाक के अन्तर्गत अगलाड – थत्यूड मोटर मार्ग के क्यारी से मसरास मोटर मार्ग का नवनिर्माण हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति शासनादेश सं0 549/III(2)/14–49 (प्रा0आ0)/13 दिनांक 29.01.2014 द्वारा 15.00 किमी0 लम्बाई हेतु रू0 117.75 लाख की प्राप्त हुई है।

प्रस्तावित मोटर मार्ग अगलाड – थत्यूड मोटर मार्ग के क्यारी से मसरास मोटर मार्ग के किमी0 30.00 स्थान क्यारी से प्रारम्भ होकर तहसील नैनबाग के ग्राम मसरास पट्टी सिलवाड तक होगा। उक्त मार्ग का समरेखण अधीक्षण अभियन्ता 8वॉ वृत्त लो0नि0वि0, नई टिहरी के द्वारा स्वीकृत है। इस मार्ग का भूगर्भीय निरीक्षण श्री विजय डंगवाल वरिष्ठ भूवैज्ञानिक देहरादून द्वारा दिनांक 06.12.2014 को किया गया है। आख्या संलग्न है।

प्रस्तावित मोटर मार्ग में पडने वाली वनभूमि का संयुक्त निरीक्षण श्री बचन सिंह महर वन दारोगा क्यारी अनुभाग देवलसारी रेंज, श्री अतर सिहं चौहान वनबीट अधिकारी क्यारी, श्री पूरण सिंह कण्डारी राजस्व उपनिरीक्षक क्यारी, श्री अमित कश्यप अपर सहायक अभियन्ता अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0, थत्यूड तथा श्री बचन सिंह अमीन, अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0, थत्यूड, द्वारा किया गया। आख्या संलग्न है।

प्रस्ताव का गठन पर्यावरण एवं वन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संशोधित दिशा निर्देशों पर किया गया है। प्रस्तावित मार्ग के निर्माण हेतु **13.500 है0** वनभूमि की आवश्यकता होगी। उक्त मोटर मार्ग के निर्माण से सिविल सोयम भूमि **1.074 है0** तथा आरक्षित वनभूमि **11.148 है0** भूमि तथा नाप भूमि **1.278 है0** पर विभिन्न प्रजातियों के वृक्ष विभिन्न व्यास वर्ग में पातन की आवश्यकता होगी। मार्ग के निर्माण से क्यारी, ख्यार्सी, तथा समस्त पट्टी पालीगाड से तहसील नैनबाग के पट्टी सिलवाड, पट्टी लालूर तथा पट्टी इंडवाल्सू के समस्त गांव लाभान्वित होगे। इन गांवों में रोजगार के साधन बढेगें मार्ग के निर्माण से नगदी फसलों के परिवहन व्यय में कमी आयेगी तथा उपरोक्त गांवों को ब्लॉक मुख्यालय से जोडा जायेगा।

उपरोक्त मोटर मार्ग के निर्माण हेतु आवश्यक **12.222 है0** वनभूमि अधिशासी अभियन्ता अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0, थत्यूड के पक्ष में वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव **9.00 मीटर चौडाई** में प्रस्तावित कर प्रेषित किया गया है।

सहायक अभियन्ता
अ0ख0,लो0नि0वि0
थत्यूड़

अधिशासी अभियन्ता
अ0ख0,लो0नि0वि0
थत्यूड़

E:\Bachan Singh\Dhanolti Parking\Kyari to Masras.doc